<u>प्राचार्य संदेश</u> -

प्रिय विद्यार्थियों,

नवीन शैक्षणिक सत्र 2021-22 में ऐतिहासिक वस्त्र नगरी भीलवाड़ा जिले के रायपुर कस्बे में स्थित मां शारदा के इस विशाल विद्या-मंदिर राजकीय महाविद्यालय, रायपुर में आप सभी का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत है। उच्च शिक्षा में प्रवेश का यह प्राथमिक सोपान जीवन का एक निर्णायक और स्वर्णिम अवसर होता है। यह महाविद्यालय महज उपाधि प्राप्त करने का स्थल ही नहीं, वरन प्रखर व प्रतिभावान विद्यार्थियों के चहूँमुखी विकास का स्थल भी है । आपके संपूर्ण विकास के लिए विद्वान शिक्षक-गण, सुसज्जित पुस्तकालय, सुविधा-युक्त महाविद्यालय परिसर, उत्तम शैक्षणिक वातावरण आदि सब कुछ यहां उपलब्ध है, जिनका भरपूर लाभ लेना ही आपका दायित्व है। ज्ञान-पिपासु और नए कीर्तिमान स्थापित करने को संकल्पित युवा विद्यार्थियों को यह महाविद्यालय एक सुदृढ़ आधार प्रदान करता है। महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण आपके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु आपको सहयोग देने के लिए सदैव कृतसंकल्प है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थी के चरित्र का निर्माण एवं जीवन के श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों को विकसित करना है । सर्वांगीण विकास हेतु केवल अध्ययन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानसिक एवं शारीरिक विकास भी उसके महत्वपूर्ण आयाम हैं । अतएव इनके विकास हेतु भी हम सतत प्रयासरत हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, गाँधी अध्ययन केंद्र, विभिन्न खेलों के माध्यम से युवा शक्ति को सही मार्गदर्शन और दिशा-निर्देश प्राप्त होता है। इन सब के माध्यम से आप अपनी प्रकृति प्रदत अंतर्निहित प्रतिभा को निखार कर चरित्रवान और कर्तव्य परायण नागरिक बन सकते हैं। आप सभी से उच्च शिक्षा अध्ययन के दौरान इस महाविद्यालय की अकादमिक गरिमा को अक्षुण बनाए रखने में कठोर परिश्रम, लगन एवं अनुशासन की अपेक्षा रहेगी । महाविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य ऐसे ही समर्थ, श्रेष्ठ एवं प्रतिभा संपन्न युवाओं का निर्माण करना है, जिन पर महाविद्यालय, समाज एवं राष्ट्र को गर्व हो सके । आज वैश्वीकरण, भूमंडलीकरण एवं खुली अर्थव्यवस्था के दौर में स्वरोजगार आज की आवश्यकता बन गया है,

इसलिए उच्च शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों के माध्यम से हम आपको उद्यम-कुशल, सक्षम एवं संप्रेषण में दक्ष बनाने के लिए आधार प्रदान करते हैं । इस महाविद्यालय में ज्ञान-प्राप्ति का मुख्य केंद्र सुसज्जित पुस्तकालय आपको आधुनिक सुविधाएं देकर रोजगारोन्मुखी एवं भविष्योन्मुखी बनाने में सहायता प्रदान करेगा। हमारा उद्देश्य आपके व्यक्तित्व के समग्र विकास एवं अध्ययन के पश्चात महाविद्यालय से आपके प्रस्थान पर आपको रोजगार चयन में सहायता प्रदान करना भी है। शिक्षा यदि परिणाम और लक्ष्य विहीन हो तो उसका कोई अर्थ नहीं है। आपको उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से जोड़ा जा सके, इसके लिए महाविद्यालय सदैव अभिनव पहल करता रहेगा । महाविद्यालय के हर वर्ष के परीक्षा परिणाम बहुत ही आशाजनक एवं उत्साहवर्धक रहे हैं । उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में प्रविष्ठ हुई युवा-पीढ़ी को प्रतियोगिता के तनाव, परीक्षा के दबाव, भविष्य की चिंता और स्वपनों से जूझते हुए स्मरण रखना है कि जिस लक्ष्य और उद्देश्य की प्राप्ति और महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए आपके अभिभावकों ने आपको यहां उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु भेजा है, उसके निमित्त समय का सदुपयोग करते हुए ज्ञानार्जन करना कितना आवश्यक है। मेरी अपेक्षा है कि आप सभी मन लगाकर अध्ययन करें । यहां की उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन को सार्थक दिशा देने का प्रयास करें । आप सभी से महाविद्यालय की गरिमा व इसके अकादमिक परिवेश को बनाए रखने की पूर्ण अपेक्षा के साथ मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ।

डॉ. निशा माथुर
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
रायपुर (भीलवाड़ा)